## महत्वपूर्ण एवं खास

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान:बिगड़ सकता है मौसम का मिजाज

**रायपुर (आरएनएस)।** उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के सभी राज्यों में मौसम का मिजाज बदल रहा है. एक ओर जहां मैदानी इलाकों के तापमान में कमी दर्ज की जा रही है तो वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से ठंड बढ़ी है. उत्तर भारत में बर्फवारी शुरू हो गई है. वहीं दक्षिण में एक बार फिर बारिश का दौर चल पड़ा है. इसका असर मौदानी इलाकों में पड़ रहा है. जिस कारण लगातार यहां का पारा गिर रहा है। छत्तीसगढ़ में भी लगातार तापमान में कमी हो रही है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में राज्य में भी कडक्ड़ाती ठंड और कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में कंपकपाने वाली ठंड पडऩा शुरू हो सती है. मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान गिरने लगा है और अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हो रहा है. इस साल पिछले साल के मुकाबले ज्यादा ठंड पड़ सकती है।

### मंत्री बंगला घेराव के दौरान तीन महिलाएं हुई बेहोश

**रायपुर (आरएनएस)।** बीते कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठी दिवंगत शिक्षाकर्मियों की विधवाओं ने शुक्रवार को मंत्री बंगले के घेराव कार्यक्रम आयोजि किया इस दौरान तीन महिलाएं बेहोश होकर गिर पड़ी। जानकारी के अनुसार पति की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठी महिलाएं शुक्रवार को पंचायत मंत्री के बंगले का घेराव करने जा रही थीं। जिन्हे रोकने के लिए पुलिस बल लगाया गया था इसी दौरान धक्कामुक्की में ये महिलाएं बेहोश हो गईं हैं। जिसके बाद तीनों महिलाओं को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।बता दें कि शिक्षाकर्मियों की विधवाएं और उनके परिजन अनुकंपा नियुक्ती की मांग को लेकर 14 दिनों से राजधानी के बूढ़ातालाब पर धरना दे रही हैं। हड़तालियो ने दीवाली की रात भी अपना प्रदर्शन जारी रखा था। हड़तालियों का कहना है कि कांग्रेस ने उन्हें अनुकंपा नियुक्ति देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस मामले में कुछ नहीं किया गया है।

### अग्निवीर: 43 हजार युवा आठ चरणों में देंगे परीक्षा

**कोरबा (आरएनएस)।** सेना में अग्निवीर बनने के लिए राज्यभर से 43 हजार से ज्यादा युवाओं ने आवेदन किया है। सेना में भर्ती के लिए प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। इसकी तैयारी सेना और जिला प्रशासन के अफसरों ने शुरू कर दी है। 1 से 13 दिसंबर तक पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए गए है। माना जा रहा है कि हर दिन 5 हजार युवाओं की परीक्षा ली जाएगी। इसके नतीजे एक दिन में यानी 24 घंटे के भीतर जारी हो जाएंगे। सेना में शामिल होने के लिए युवाओं को 8 चरणों से गुजरना होगा। पहले चरण की भर्ती परीक्षा में शामिल युवाओं को दौड़ाया जाएगा। दौड़ में पास होने वाले युवाओं फिजिकल टेस्ट होगा।

### एसईसीएल अफसर के घर में शार्ट सर्किट से लगी आग

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल के ऊर्जा नगर में कंपनी के अधिकारी के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे मौके पर हडक़ंप मच गया। घटना शाम लगभग 5 बजे हुई जिसकी सूचना मिलने पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की गई। जिस मकान में घटना हुई उसमें इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस विभाग के असिस्टेंट मैनेजर ओ एम कृष्णा मीणा रहते हैं। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था। घटना की वजह रेफ्रिजरेटर में शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। घर में किसी के नहीं होने की वजह से घर के दरवाजे का लॉक तोडक़र आग पर काबू पाया गया।

# दुष्कर्म मामले का एक और आरोपी संदीप लकडा गिरफ्तार

**❐ आरोपी के साथी इरफान अली को पहले ही कर लिया गया है गिरफ्तार**



रायगढ़। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कल कोतवाली पुलिस द्वारा दुष्कर्म के दर्ज तीन मामलों में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये टीम बनाकर आरोपियों के मिलने के स्थानों पर दबिश दिया गया जिसमें महिला से दुष्कर्म के आरोपी इरफान अली (40 साल) निवासी जगतपुर रायगढ़ एवं बालिका से दुष्कर्म के आरोपी राजा बंधन उर्फ राजपाल (30 साल) निवासी बापू नगर थाना कोतवाली को हिरासत में लिया गया था, शेष आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी जिस पर आरोपी इरफान अली के साथी आरोपी संदीप लकड़ा को कोतवाली पुलिस आज छापेमारी दौरान हिरासत में लिया गया, तीनों आरोपियों को दर्ज मामलों में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 02.11.2022 को थाना कोतवाली में पीड़ित महिला आरोपी इरफान अली, संदीप लकडा के द्वारा दुष्कर्म करने और आरोपी इरफान अली की बहन यास्मिन मसीह, सायरा बानो द्वारा आरोपियों के कृत्य को जानते हुए उसे मामले को दबाने धमकी देने का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीड़िता के अनुसार इरफान की बहन यास्मिन मसीह, सायरा बानो इसे अपने पास रखेंगे और देखरेख करेंगे कहकर बुलाने पर उनके साथ रहती थी। वर्ष 2010 में एक दिन इरफान अली अकेली पाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। जब इस बात को उसकी बहन सायरा को बताई तो वे डराये धमकाये और किसी को भी नहीं बताना कहकर धमकी दिये। उसके बाद कई बार इरफान होटल और कई जगह संबंध बनाया, जिसके साथ संदीप भी रहता था, संदीप लकड़ा भी दुष्कर्म किया था। युवती के आवेदन पर आरोपी इरफान अली, यास्मिन मसीह, शायरा बानो और संदीप लकड़ा पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी – (1) इरफान अली पिता मीर इरशाद अली उम्र 40 साल निवासी जगतपुर ढ़िमरापुर थाना कोतवाली रायगढ़ (2) संदीप लकडा पिता विजय लकडा उम्र 30 वर्ष निवासी बड़े रामपुर सिटी थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपिया यास्मिन मसीह, सायरा बानो की पतासाजी किया जा रहा है।

## बैंक और एटीएम बूथ का निरीक्षण कर पुलिस ने की सुरक्षा व्यवस्था की जांच



**रायगढ़।** एडिशनल एसपी संजय महादेवा के निर्देशन पर जिले के सभी थाना, चौकी क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैंक और एटीएम बूथ का पुलिस टीमों द्वारा चेक कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच किया गया, सुरक्षा व्यवस्था में खामी देखकर पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधन को व्यवस्था दुरूस्त करने आवश्यक निर्देश भी दिया गया है।

बैंकों एवं ATM की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता बनाने के उद्देश्य से गुरूवार को जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम द्वारा बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म व सुरक्षा से जुड़े अन्य उपकरणों को जांच किया गया। इस दौरान बैंक के सुरक्षाकर्मी और बैंक आये ग्राहकों से चर्चा कर उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक हिदायत दिया गया तथा बैंक के कर्मचारियों को काम करने के साथ ही बैंक परिसर में आने वाले संदिग्धों पर भी नजर रखने कहा गया और बैंक के बाहर अनावश्यक जमावड़ा नहीं होने की हिदायत दिया गया। पुलिस अधिकारियों चेकिंग के दौरान जो भी खामी मिलीं, उन्हें जल्द दूर कराने के लिए कहा गया तथा बैंक प्रबंधन से जानकारी लिया गया कि थाने से लगाये गये पुलिसकर्मी नियमित जांच के लिये आते हैं या नही। पुलिस अधिकारियों द्वारा किसी अप्रिय घटना पर जितना जल्दी हो नजदीकी थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम, डॉयल 112 को कॉल कर सूचना देने कहा गया।

# पत्नी ने शराब पीकर किया नृत्य तो पति ने कर दी हत्या


**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** बलौदा बाजार के ग्राम डमरू मे गुरूवार देर रात में एक युवक ने अपनी पत्नी की शील बट्टे से मारकर हत्या कर दी। पत्नी शराब के नशे में धूत होकर नाच रही जो पति का नागवार गुजरा और पत्नी से विवाद करते हुए उसकी हत्या कर दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार मामला कोतवाली थानाक्षेत्र के ग्राम डमरू का है जहां पति-पत्नी अपने रिश्तेदार के यहां छट्टी मनाने गए थे। इस दौरान गुरूवार देर रात को पत्नी ने वहां परिवार के अन्य लोगों के साथ शराब पी तथा शराब के नशे में नाचने लगी। पत्नी को इस तरह बर्तावा करते देख पति ने मना जिसे जिस पर दोनो पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और तैश मे आकर पति ने शील बट्टे से पत्नी के सिर पर वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिश्तेदारो ने इसकी सूचना तत्काल कोतवाली थाने में दी जिसपर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्ताार कर लिया। बताया जाता है पत्नी के शराब पीने की लत को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी पत्नी द्वारा अत्यधिक शराब पी लेने के चलते हुए विवाद के कारण पति ने उसकी हत्या कर दी।

## खरपतवार नाशी रसायन ग्लाइफोसेट के खुले विक्रय पर प्रतिबंध अब सिर्फ पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर ही कर सकेंगे उपयोग

**रायगढ़।** भारत सरकार का राजपत्र के माध्यम से भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना नई दिल्ली के माध्यम से ग्लाइफोसेट के उपयोग से मनुष्य एवं जानवरों के स्वास्थ्य के लिए खतरा एवं जोखिम को देखते हुए निर्बंधित कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी अधिसूचना का संक्षिप्त नाम ग्लाइफोसेट के उपयोग पर निर्बंधित आदेश 2022 दिया गया है। जिसके अनुसार राजपत्र में अंतिम प्रकाशन की तारीख से ग्लाइफोसेट का उपयोग नाशीजीव नियंत्रण प्रचालकों (पेस्ट कन्ट्रोल ऑपरेटर्स) के सिवाय कोई व्यक्ति नहीं करेगा। ग्लाइफोसेट के पंजीकरण प्रमाण पत्र




धारक, पंजीकरण प्रमाण-पत्र जो कि ग्लाइफोसेट और उसके संजाता के लिए दिए गए है। पंजीकरण समिति को लेवल और लिफलेट पर मोटे अक्षरों में ग्लाइफोसेट के उपयोग की अनुमति नाशीजीव नियंत्रण ऑपरेटरों (पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर्स)के माध्यम से दी जाए की चेतावनी शामिल किए जाने हेतु वापिस करेंगे। यदि कोई व्यक्ति जिसके पास पंजीकरण प्रमाण पत्र है खण्ड-3 में निर्दिष्ट 3 महीने की अवधि के भीतर पंजीकरण समिति का प्रमाण पत्र वापस करने में विफल रहता है तो कीटनाशी अधिनियम, 1968 में अंर्तविष्ट उपबंधों के अधीन कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि भारत सरकार को केरल सरकार से ग्लाइफोसेट और उनके व्युतपाद के वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने हेतु रिपोर्ट प्राप्त हुई थी, जिसे कि विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार-विमर्श पश्चात उक्त प्रस्ताव से संतुष्ट होकर ग्लाइफोसेट को निर्बंधित किया गया है।

उप संचालक कृषि, रायगढ़ द्वारा समस्त पंजीकृत कीटनाशक विक्रेताओं (पेस्ट कन्ट्रोल ऑपरेटर्स को छोड़कर)को उक्त उत्पाद के भण्डारण वितरण न करने तथा कृषकों को भी उपयोग न करने अपील की गई है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा (पेस्ट कन्ट्रोल ऑपरेटर्स को छोड़कर)उक्त उत्पाद का भण्डारण-वितरण पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## राजीव नगर से समर्सिबल पम्प चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में सम्पत्ति संबंधी अपराधों में माल मुल्जिम पतासाजी के लिए स्टाफ एवं मुखबिर लगाकर कार्यवाही किया जा रहा है।



इसी क्रम में माल मुल्जिम पतासाजी में लगे कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर जोगीडिपा के राजा साहनी उर्फ बड़े बाबू के घर पर दबिश दिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजा साहनी उर्फ बड़े बाबू दीपावली के समय चोरी के कुछ सामानों को कबाड़ी ठेला वाले के पास बेचा है। कोतवाली पुलिस द्वारा संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ किये जाने पर संदेही राजा साहनी उर्फ बड़े बाबू माह जुलाई में कोतरारोड़ राजीव गांधी नगर गली नं0 1 में एक घर आंगन में लगा पानी खींचने वाला टेक्समो कम्पनी का टूल्लू पंप 01 एचपी (समर्सिबल पम्प) को को प्लास और पेचकस से निकाल कर घर लाना और दीपावली के समय घूम-घूम कर कबाड़ लेने वाले कबाड़ी को 2,000 रूपये में बेच कर 1500 रूपये खर्च कर देना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर शेष रकम 500 रूपये और प्लास, पेचकस को वजह सबूत जप्त किया गया। थाना कोतवाली में दिनांक 20.07.2022 को कोतरारोड़ राजीव गांधी नगर गली नं0 1 में रहने वाले अभिषेक देवांगन (30 साल) द्वारा टूल्लू पंप चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 379 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी और मशरूका पतासाजी किया जा रहा था। टूल्लू पंप चोरी के आरोप में हिरासत में लिये गये आरोपी राजा साहनी उर्फ बड़े बाबू पिता राजे साहनी उम्र 28 साल निवासी जोगीडिपा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को उक्त चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कार्यवाही में थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक विक्रम चौरसिया, आरक्षक उत्तम सारथी, पुष्पेन्द्र जाटवर की प्रमुख भूमिका रही है।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता... सुसमा कौसे एवं प्रवीण यादव साइकिलिंग में रहे प्रथम



**रायगढ़।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2022 के तीसरे दिन साइकिलिंग प्रतियोगिता 19 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग संभाग के सुसमा कौसे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर दुर्ग संभाग की खुशबु निषाद, तीसरा-निशा नाग दुर्ग, चौथा-खुशबू दुर्ग, पांचवा-सेवती कश्यप बस्तर एवं छठवें स्थान पर बिलासपुर संभाग की प्रिंसी गुप्ता रही। इसी तरह 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग के प्रवीण यादव-प्रथम, बिलासपुर संभाग के रोशन विश्वकर्मा-द्वितीय, आशु प्रधान बिलासपुर-तृतीय, वश प्रधान बिलासपुर-चतुर्थ, चिराग जैन रायपुर-पांचवा एवं छठवें स्थान पर बस्तर संभाग के एबो पुजारी रहे।

टेनिक्वाईट खेल प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-दुर्ग एवं तृतीय-बिलासपुर तथा बालिका वर्ग में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-दुर्ग एवं तृतीय-बिलासपुर रहा। इसी तरह बालक 17 वर्ष में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-दुर्ग, तृतीय-बिलासपुर तथा बालिका वर्ग में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-दुर्ग एवं तृतीय-बिलासपुर रहा। बालक 19 वर्ष में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-दुर्ग, तृतीय-बिलासपुर तथा बालिका वर्ग में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-दुर्ग एवं तृतीय-बिलासपुर संभाग रहा। सॉफ्टबाल प्रतियोगिता 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-बिलासपुर, द्वितीय-रायपुर एवं तृतीय-दुर्ग संभाग रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-दुर्ग, द्वितीय-रायपुर एवं तृतीय-बिलासपुर संभाग रहा।

## ऐतिहासिक ढोलकल गणेश प्रतिमा के सूंड़ से छेड़छाड़, प्रशासन की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में करीब 3 हजार फीट की ऊंचाई पर ढोलकल शिखर पर स्थापित गणेश भगवान की मूर्ति के साथ असामाजिक तत्वों ने छेड़छाड़ की है. मूर्ति के सूंड़ में पत्थर से खरोंचकर अपना नाम लिखा है. इस ऐतिहासिक मूर्ति से छेड़छाड़ करने के बाद लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। दरअसल शिखर में विराजे गणपति जी से लोगों की आस्था जुड़ी है. साथ ही कई किवदंतियां भी है. बताया जाता है कि भगवान परशुराम और गणेश का यहां युद्ध हुआ था. इसके बाद यहां एक दंत वाले गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई थी. हालांकि इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है.



गांव के बुजुर्गों और पुरानी कहानी के अनुसार यह जानकारी सामने आई थी. वर्तमान में यहां हर साल ढोलकल महोत्सव का भी आयोजन किया जाता हैगौरतलब हो कि मूर्ति के साथ पूर्व में भी असामाजिक तत्वों ने नीचे खाई में फेंक दिया था। हालांकि मूर्ति को ढूंढने पूरा प्रशासन लगा था. पुलिस जवानों, ड्रोन कैमरे की मदद से मूर्ति के टुकड़ों को ढूंढा गया था. फिर, एक-एक कर मूर्ति को फिर से जोड़ा गया था. हालांकि उस समय भी सूंड का अंतिम हिस्सा नहीं मिल पाया था. प्रशासन ने इस ऐतिहासिक मूर्ति को फिर से वहीं स्थापित किया था।

## कलेक्टर डॉ.फरिहा ने सरसींवा एवं गोपालपुर धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

**❐ खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश**

**❐ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल पहुंच बच्चों से की बात**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने आज सरसींवा स्थित धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने खरीदी केन्द्र में आवश्यक मूलभुत व्यवस्था के साथ टोकन एवं खरीदी के संबंध में जानकारी ली। समिति प्रबंधक सरसींवा ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं ठीक है एवं वर्तमान में कुल 34 टोकन कटा है, जिसमें समिति के माध्यम से 29 और एप के माध्यम से 5 टोकन कटा। साथ ही 782 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में धान विक्रय में तेजी आयेगी लिहाजा व्यस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने केंद्र में धान विक्रय करने आए झुनका निवासी जगतराम से बात करते हुए रकबा और धान उपज की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने गोपालपुर स्थित धान खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण किया एवं धान खरीदी की जानकारी ली। जहां समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कुल 12 टोकन कटा तथा 252 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। उन्होंने नमी मापन यंत्र से धान की नमी का भी मापन करवाया एवं खरीदी किए गए धान को तौलाया जो मानक पाया गया। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने बारदाने एवं रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने समितियों को बारदानों में विशेष रुप से स्टेंसिल लगाने के निर्देश दिए। धान विक्रय करने आए धौराभांठा निवासी राजू जटवार से चर्चा कर समस्याओं की जानकारी ली। राजू ने बताया कि यहां के धान खरीदी केन्द्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं है, किसान बिना किसी परेशानी के धान विक्रय कर पा रहे है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी, एसडीएम बिलाईगढ़ के.एल.सोरी, तहसीलदार करूणा आहेर, नायब तहसीलदार रूपाली मेश्राम, सहकारिता, फूड इंस्पेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल पहुंची कलेक्टरए बच्चों से की बात

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने सरसींवा के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने लाइब्रेरी, लैब, कक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बात कर स्कूल के बारे में उनका फीडबैक लिया। बच्चों ने बताया कि सुविधाएं अच्छी है। शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग बच्चों ने की। जिस पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने जल्द शिक्षकों की व्यवस्था की बात कही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480